सरगुजा-कोरिया भूमि

हरिभूमि | बिलासपुर, शनिवार, 15 अगस्त 2026

खबर संक्षेप

प्रवेश के अंतिम दिन मिली सीट वृद्धि की स्वीकृति

अम्बिकापुर। प्रवेश के अंतिम दिन शासन द्वारा पीजी कॉलेज को प्रस्तावित विषयों में शासन द्वारा सीट वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गई। राहत की बात है कि कॉलेज प्रबंधन ने मेरिट लिस्ट के विद्यार्थियों को फोन कर कॉलेज बुलाया एवं आनन-फानन में स्वीकृत सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की। शासन द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर संकायों में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 14 अगस्त निर्धारित की गई थी। विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्र-छात्राओं की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज प्रबंधन शासन को प्रस्ताव भेजकर सीट वृद्धि की मांग की थी। समय पर सीट वृद्धि की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण बड़ी संख्या में विद्यार्थी निराश थे। प्रवेश के अंतिम दिन सीट वृद्धि की स्वीकृति मिलने पर कॉलेज के अधिकारियों ने खुशी जताई। शुक्रवार को मौसम खराब होने, पूरे दिन बारिश की झड़ी लगे रहने के कारण स्वीकृत सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूरा करना काफी मुश्किल लग रहा था। प्राचार्य डा. अनिल कुमार सिन्हा की पहल पर संबंधित विभाग के प्राध्यापकों ने फोन कर मेरिट लिस्ट के विद्यार्थियों को कॉलेज बुलाया तथा प्रवेश प्रक्रिया पूरी कराई। शासन द्वारा बीएससी बायो में 30, बी कॉम में 10, बीलिब में 5 तथा एलएलएम, स्नातकोत्तर हिन्दी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, भूगोल, सामाजिक विज्ञान, एम कॉम, केमेस्ट्री, फिजिक्स, जूलॉजी, राजनीति शास्त्र एवं गणित में 5-5 सीटों की वृद्धि की गई है।

गाज की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

अम्बिकापुर। गाज की चपेट में आने से पैदल बैंक जा रहे बुजुर्ग की मौत हो गई। ग्राम रजबहार निवासी रामबरन सोनपाकर (60 वर्ष) शुक्रवार की सुबह अपनी बहु के साथ पैदल बैंक जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में मौसम खराब हो गया तथा गरज-चमक के साथ बारिश होने लगी साथ ही आकाशीय बिजली गिरी। आकाशीय बिजली की चपेट में आने से रामबरन गिरकर अचेत हो गए। उपस्थित ग्रामीण एवं परिजन उन्हें अस्पताल ले जा रहे थे। गंभीर रूप से घायल होने के कारण रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर झिलमिली पुलिस पहुंची तथा शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा।

डबरी में गिरा 2 वर्ष का मासूम, मौत

अम्बिकापुर। विकासखंड बतौली अंतर्गत ग्राम बांसाझाल में पानी के लिए खोदे गए डबरी में डूबने से दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई। खेलते खेलते मासूम गुरूवार को घर के समीप स्थित डबरी तक पहुंच गया तथा खेलने के दौरान डबरी में गिर कर डूब गया। सूचना पर परिजन एवं ग्रामीण ने मासूम को डबरी से निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंची तथा पूछताछ उपरांत मर्ग कायम कायम कर घटना की जांच कर रही है।

मरम्मत के अभाव में पुल के स्लैब में आई गई थी दरारें

भारी बारिश से बह गया धोंधा स्थित करोड़ों का पुल, दर्जनों गांव के लोग प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नदी पर बने पुल पुलिया गांव के विकास में न सिर्फ अहम भूमिका निभाती है बल्कि गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण होती है। पुल पुलिया के निर्माण से गांव के लोगों के लिए एक बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो जाती है। ऐसे में पुल पूरी तरह क्षति ग्रस्त हो जाए तो इसका सीधा असर गांव के लोगों पर पड़ता है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत धोन्धा की हो गई है जहां भारी बारिश के बाद पुल पूरी तरह से पानी के तेज बहाव में बह गया। पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोगों पर इसका असर पड़ा है।

खास बात

- अतिरिक्त दूरी करने को मजबूर गई गांव के लोग

गुरुवार को लगातार रातभर हुई बारिश के बाद सुबह जब ग्रामीण नदी की ओर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। जिस पुल से होकर दर्जनों गांवों के लोगों की आवाजाही होती थी, वह देखते ही देखते पानी की तेज धारा में अपना अस्तित्व खो चुका था। कहीं पिलर उखड़े पड़े थे, कहीं स्लैब पानी में समा गई थी और पुल का लंबा हिस्सा नदी की धार में बह चुका था। ग्रामीणों के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है करोड़ों की लागत से बना पुल आखिर इतनी जल्दी पानी के आगे कैसे टीक नहीं सका। धोंधा पंचायत के गांव के समीप नदी पर बना पुल बारिश के दौरान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल के निर्माण के बाद से ही इसकी गुणवत्ता को लेकर सवाल उठते रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण में कथित तौर पर भारी अनियमितता और घटिया सामग्री के इस्तेमाल के कारण पुल पहले से ही कमजोर हो चुका था। वाहनों की आवाजाही के साथ पुल के अलग-अलग हिस्सों में दरार दिखाई देने लगा था और समय के साथ स्थिति लगातार खराब होती चली गई। लगातार देर रात तक हुई बारिश और नदी में बढ़े जलस्तर ने कमजोर निर्माण की पूरी तस्वीर सामने ला दी। पानी का दबाव बढ़ते ही पुल का हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा और देखते ही देखते नदी की तेज धार में बह गया। सुबह का दृश्य देखकर ग्रामीण हैरान रह गए। उनका कहना है कि जिस पुल को वर्षों तक लोगों की सुविधा का आधार बनना था, वह कुछ ही समय



क्षतिग्रस्त पुल।

में पानी की धारा में इस तरह समा गया मानो निर्माण की मजबूती सिर्फ कागजों पर रही हो।

दिए गए जांच के निर्देश

ग्राम पंचायत धोंधा स्थित नदी पर बने पुल के बह जाने की जानकारी मिली है। संबंधित विभाग को जांच कर कड़ी कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

-श्रीमती रेना जमील, कलेक्टर सूरजपुर

दर्जनों गांवों का संपर्क प्रभावित

पुल के ध्वस्त होने से आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों के सामने आवागमन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। नदी के दोनों ओर रहने वाले लोगों का संपर्क प्रभावित हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार अब क्षेत्र के लोगों को लंबा और कठिन रास्ता अपनाना पड़ सकता है। बारिश के मौसम में यह समस्या और गंभीर होने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल की स्थिति पहले से ही खराब थी। जगह-जगह दरारें और कमजोर हिस्से दिखाई दे रहे थे, लेकिन समय रहते इसकी मरम्मत अथवा तकनीकी जांच नहीं कराई गई। यदि पहले ही जिम्मेदार विभाग ने इसकी स्थिति का गंभीरता से परीक्षण किया होता तो शायद आज यह नौबत नहीं आती।

निर्माण कार्यों पर सवाल

पुल टूटने की घटना ने प्रतापपुर क्षेत्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में सड़क, पुल, रपटा और अन्य निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के बजाय कागजी प्रक्रिया को अधिक महत्व दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि कहीं सड़क खराब हो रही है तो कहीं पुल और रपटा पहली ही बारिश में जवाब देने लगते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्यों में कथित मिलीभगत और लापरवाही के कारण सरकारी राशि का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है।

नहीं बनाया गया था मजबूत आधार बेस

बताया जा रहा है कि यह पुल लगभग वर्ष 2004–05 के दौरान बनाया गया था। निर्माण के समय ही ग्रामीणों ने घटिया गुणवत्ता को लेकर आपत्ति दर्ज कराई थी, लेकिन विरोध के बावजूद काम पूरा कर दिया गया। ऐसे में पूर्व में बरती गई लापरवाही आज क्षेत्र के लोगों के लिए गंभीर समस्या बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुल के ठीक बीचो-बीच बने कॉलम के निचले हिस्से में मजबूत आधार बेस नहीं बनाया गया। बिना ठोस फाउंडेशन के कॉलम खड़ा कर दिया गया, जिससे वर्षों बाद अब उसका असर सामने आ रहा है। स्लैब नीचे की ओर धंसने लगा और जगह-जगह दरारें पड़ गई। वहीं बीती रात हुई बारिश के बाद लगभग 10 करोड़ की लागत का पूरा पुल ही बह गया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह आज, सरगुजा में मंत्री नेताम करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर







स्वतंत्रता दिवस का समारोह सरगुजा में धूमधाम से मनाया जाएगा। आजादी का जश्न मनाने

- सूरजपुर में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, बलरामपुर में सांसद चिंतामणि महाराज होंगे मुख्य अतिथि

जिला मुख्यालयों में तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। समारोह के लिए शासकीय कार्यालयों को रौशनी से सजा दिया गया है। इस बार संभाग मुख्यालय में आयोजित समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री ध्वजारोहण करेंगे जबकि बलरामपुर जिले में सांसद चिंतामणि महाराज व सूरजपुर जिले में महिला एवं बाल विकास मंत्री ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी।

बता दें कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर लम्बे समय से तैयारियां जिला मुख्यालयों में की जा रही है। शासकीय कार्यालयों, चौक चौराहों को सजाया गया है। आजादी का जश्न मनाने तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम शामिल होंगे। वहीं सूरजपुर जिले की बात की जाए तो सूरजपुर जिले का मुख्य समारोह शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्टेडियम ग्राउंड में क्या जाएगा। सूरजपुर जिले में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। इसके साथ ही बलरामपुर जिले का मुख्य समरोह पुलिस लाईन ग्राउंड बलरामपुर में आयोजित किया जाएगा। मुख्य समारोह में सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। जिला मुख्यालयों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के बाद कपोत व रंगीन गुब्बारे छोड़े जाएंगे। मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करने के बाद सीएम के सन्देश का वाचन करेंगे, इसके बाद स्वतंत्रता दिवस परेड व हार्स फायर किया जाएगा। कार्यक्रम में शहीद के परिवारों का सम्मान करने के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

पीओएस मशीन में अंगूठा लगवाकर 14.75 लाख के यूरिया-डीएपी का गबन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के राजपुर क्षेत्र में हिग्राहियों के नाम पर आई खाद्य सामग्रियों के गबन के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। महिला किसानो को उर्वरक वितरण करने के नाम पर पॉश मशीन में अंगूठा लगवाने के बाद यूरिया एवं डीएपी का वितरण नहीं किया गया। महिलाओं की शिकायत के बाद जांच में आरोपों की पुष्टि हुई। आरोपियों ने महिलाओं के अंगूठे लगवाकर इलेक्ट्रोनिक डाटा तैयार कर लिया लेकिन वास्तविक रूप से खाद का वितरण नहीं किया। आरोपियों ने 14 लाख रूपए से अधिक के उर्वरक का गबन किया। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

- महिलाओं के शिकायत की पुष्टि के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



बता दें कि राजपुर थाना क्षेत्र के कुंदीकला क्षेत्र की ग्रामीण महिलाओं ने कृषि विभाग में शिकायत की थी कि उनके साथ खाद वितरण में गड़बड़ी की गई। संचालक ने पीओएस मशीन में अंगूठा लगवा लिया और फिर उन्हें खाद का वितरण नहीं किया गया। इस मामले में महिलाओं द्वारा की गई शिकायत के बाद एसडीएम के निर्देश पर मामले की जांच कराई गई और जांच में गबन की पुष्टि होने पर राजपुर पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। इस दौरान यह बात सामने आई कि संचालकों विनोद कुमार सांडिल्य एवं दीपक कुमार सांडिल्य द्वारा कृषि विभाग से प्राप्त खाद-उर्वरक को ग्रामीण महिला किसानों को वितरित करने के नाम पर पॉश मशीन में उनके अंगूठे के निशान लिए गए। आरोपियों ने ग्रामीण महिलाओं की अंगूठों के माध्यम से खाद वितरण संबंधी इलेक्ट्रॉनिक डाटा तैयार कर लिया जबकि वास्तविक रूप से खाद का वितरण नहीं किया गया। आरोपियों द्वारा ग्राम की महिलाओं के नाम पर प्राप्त 2647 बोरी यूरिया एवं 570 बोरी डीएपी खाद के संबंध में कूटरचित-भ्रामक इलेक्ट्रॉनिक प्रविष्टियां कर खाद का वास्तविक लाभ किसानों तक नहीं पहुंचाया गया। आरोपियों ने 7 लाख 5 हजार 425 रूपए का यूरिया व 7 लाख 69 हजार 500 रूपए का डीएपी कुल 14.75 लाख रूपए का गबन किए जाने की पुष्टि हुई। मामले में जांच के बाद पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर राजपुर कुंदीकला निवासी 28 वर्षीय विनोद कुमार सांडिल्य, 32 वर्षीय दीपक कुमार सांडिल्य व 40 वर्षीय विकास कुमार अग्रवाल को बीएनएस की धारा 318(4), 336(3), 3(5) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इसके साथ ही मामले में पुलिस दवारा आरोपियों के रिमांड की मांग की गई है। इस प्रकरण में अभी और भी आरोपियों के नाम शामिल होने की सम्भावना जताई जा रही है।

कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की मौत

अम्बिकापुर। कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम सलका पतराटोली निवासी देव कुमार सिंह आ. स्व. राम अवतार (35 वर्ष) शराब पीने का आदि था। कुछ दिन पूर्व ही अपनी जमीन को गिरवी रख दिया था और शराब पीने लगा। इसी बीच पति के आए दिन शराब पीने से परेशान होकर पत्नी मायके चली गई। गत दिन ग्रामीण ने नशे की हालत में कीटनाशक पी लिया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

नशीले इंजेक्शन का सप्लायर झारखंड के गढ़वा से गिरफ्तार

बलरामपुर। नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नशीले इंजेक्शन के सप्लायर को झारखण्ड के गढ़वा से गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 मई को कोतवाली पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम बड़कीमहरी में घेराबंदी कर मैनपाट के नर्मदापुर निवसी राहुल गुप्ता आ. अवध बिहारी गुप्ता को पकड़ा गया था। पुलिस ने आरोपी के पास से 985 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किया था। आरोपी झारखंड के गढवा से नशीला इंजेक्शन लेकर आया था। वहीं इस प्रकरण में एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एंड टू एंड कार्रवाई के तहत लुंड्रा के गेरसा निवास 34 वर्षीय राहुल गुप्ता आ. सुरेश गुप्ता को 24 मई और लुंड्रा गड़बीरा निवसी किशुन राम उर्फ बबलू ठाकुर आ. स्व. केवल राम को 28 जुलाई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वहीं इस मामले में सप्लायर की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने अब आरोपियों से की गई पूछताछ के बाद झारखण्ड के गढ़वा से 46 वर्षीय राजू कुमार गोंड आ. स्व. फेकन गोंड को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 बी के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि गिरोह के अन्य आरोपियों की तलाश जरी है।

कूलर बनाते समय करंट की चपेट आया युवक, उपचार के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कूलर बनाते समय करंट की चपेट मे आने से गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम दोरना निवासी राज कुमार गिरी आ. पारस गिरी (26 वर्ष) बीती रात कूलर को बना रहा था। इसी दौरान करंट लगने से मौके पर ही गिर गया। घटना को देख बेटी ने मां को आवाज लगाई तो परिजन मौके पर पहुंचे और अचेत हुए युवक को लुण्ड्रा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।




लो-प्रेशर की सक्रियता से लगी बारिश की झड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेशर एवं चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से पिछले 24 घंटों से बारिश की झड़ी लगी हुई है। मौसम विज्ञानी लो प्रेशर के आगे निकलने पर लगातार रुक रुक कर हो रही बारिश से कुछ राहत मिलने एवं आगामी तीन-चार दिनों तक मानसून के मेहरबान रहने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

- आधे घंटे में हुई 15 ममी मुसलाधार वर्षा

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय लो प्रेशर एवं चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से अच्छी वर्षा हो रही है। इस दौरान बलरामपुर एवं सूरजपुर के कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश रिकार्ड की गई है। लो प्रेशर अब खाड़ी से उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। गुरुवार को लो प्रेशर के सीमावर्ती झारखंड के ऊपर केंद्रित होने के कारण शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में मुसलाधार वर्षा हुई। गुरुवार रात्रि 8.30 बजे आधे घंटे तक मुसलाधार बारिश हुई। इस दौरान 15 मिमी वर्षा रिकार्ड किया गया है। हालांकि रुक रुककर बारिश का क्रम गुरुवार की रात से ही जारी है। बलरामपुर एवं सूरजपुर जिले में लो प्रेशर का व्यापक प्रभाव देखा गया। इस दौरान विभीन्न स्थानों पर भारी वर्षा रिकार्ड की गई है। बलरामपुर जिला अंतर्गत विकासखंड कुसमी में सर्वाधिक 179.0 मिली वर्षा दर्ज की गई है।



इसी तरह बलरामपुर जिला अंतर्गत दौरा-कोचली में 135.2 मिली वर्षा, रघुनाथनगर में 101 मिमी वर्षा, वाड्रफनगर में 65. 6 मिमी, रामानुजगंज में 70.4 मिमी, चलगली में 68.4 मिमी एवं सामरी में 50 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। इस दौरान सूरजपुर जिला अंतर्गत बिहारपुर में 130 मिमी, लटोरी में 72.3 मिमी, ओडगी में 98.7 मिमी, प्रतापपुर में 129.4 मिमी एवं सूरजपुर जिले में 74.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। मुसलाधार बारिश होने के कारण क्षेत्र के सभी नदी नाले उफान पर है। मौसम विज्ञानी के अनुसार लो-प्रेशर धीमी गति से उत्तर छत्तीसगढ़ के ऊपर से उत्तर प्रदेश की ओर अग्रसर है। लो-प्रेशर के आगे निकलने पर शनिवार को बारिश से राहत एवं दोपहर तक आसमान पर बादल छाए रहने की संभावना है। मौसम विज्ञानी चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से आगामी तीन-चार दिनों तक अच्छी वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम कार्यालय द्वारा पिछले 24 घंटों में 29 मिमी वषा रिकार्ड की गई है।

अब तक 750 मिमी वर्षा

सरगुजा की औसत वर्षा अभी तक 50 फीसदी पर स्थिर है जबकि विकासखंड अंबिकापुर में अब तक वर्षा का आंकड़ा 750 मिमी पहुंच गया है। भविष्य में इसी तरह वर्षा होती रही तो विलंब से रोपाई होने के बावजूद धान की अच्छी उपज होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बीच-बीच में लगातार बारिश होने के कारण मक्का, उड़द सहित अन्य खरीफ फसलों की स्थिति भी अच्छी बताई जा रही है।

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रवीण अग्रवाल
विधायक प्रतिनिधि
जिला कोषाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी जिला - बलरामपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रतीक जायसवाल
तहसीलदार
राजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अमृत प्रताप सिंह
डिप्टी रेंजर, वन परिक्षेत्र राजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ.अवधेश साहू
प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरियों

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
राजेश्वर प्रसाद
पूर्व जनपद सदस्य, सिधमा
जनपद पंचायत - राजपुर
सरिता पैंकरा
जनपद सदस्य क्षेत्र क्र. 16, सिधमा
जनपद पंचायत - राजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
नरेन्द्र कंवर
नायब तहसीलदार - उपतहसील बरियों

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
फुलमोहन राम
पंचायत निरीक्षक, जनपद पंचायत, राजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रोल जैक स्टोन क्रेशर
डीगनगर
प्रो. नरेन्द्र चौधरी, कृष्ण प्रताप सिंह

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं..
जितेन्द्र जायसवाल (छोटू)
अध्यक्ष
भाजपा मंडल, बरियों

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जय मानिकपुरी
अधीक्षक
बालक छात्रावास चारपारा

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
बृजराज कुमार
जनपद पंचायत - राजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
अधीक्षक
पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास
राजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अरुण कुमार
सब इंजीनियर, पी.एम.जी.एस.वाय ईकाई राजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
उर्मिला मिंज
अधीक्षिका
कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय
राजपुर, जिला- बलरामपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अनंत साय
पटवारी, चौरा
तहसील कार्यालय - राजपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
अर्चना मिंज
अधीक्षिका
प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास- राजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नारायण सांडिल्य
उपसरपंच
ग्राम पंचायत - नवकी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अधीक्षिका
आदर्श प्री मेट्रिक बालक छात्रावास , राजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कश्यप
प्राचार्य
एकलव्य स्कूल, राजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अधीक्षक
पहाड़ी कोरवा बालक आश्रम पतरापारा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
मीना एक्का
अधीक्षिका
प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास
गोपालपुर

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
खनिज विभाग
बलरामपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
फ्लोस्त्री खलखो
अधीक्षिका
प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास, सिधमा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सच्चिदान्द कान्त
कार्यपालन अभियंता
आरईएस विभाग,
जिला - बलरामपुर, रामानुजगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
आशुतोष चतुर्वेदी
सीईओ
जिला पंचायत
जिला - बलरामपुर, रामानुजगंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
आलोक वाजपेयी
डीएफओ
जिला - बलरामपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
विजय सिंह
जिला चिकित्सा अधिकारी
जिला - बलरामपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
रामचन्द्र भगत
उपसंचालक
कृषि विभाग, बलरामपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता
संजय सोनी
हरिभूमि प्रतिनिधि - राजपुर मो.- 7999833203

खबर संक्षेप



केशरवानी समाज की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

दरिमा। ग्राम कुनिया कला में अशोक कुमार गुप्ता के निवास पर केशरवानी समाज कल्याण समिति ग्रामीण क्षेत्र की सामाजिक बैठक में अध्यक्षता बंशी प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाज के काफी लोग सम्मिलित हुए तथा आपस में विचार विमर्श कर महिला समाज का गठन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण करने का निर्णय लिया गया। सदस्य अपने माध्यम में ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने की सहमति दी। इस दौरान समाज के गरीब लोगों की भलाई व विकास के संबंध में चर्चा की गई। अध्यक्ष ने कहा कि समाज की बैठक हर माह होती है और समाज के लोगों की परेशानियों का निराकरण किया जाता है। भोज पश्चात बैठक का समापन किया गया।

रजा यूनिटी फाउंडेशन की बैठक में सामूहिक विवाह पर हुई चर्चा



अम्बिकापुर। सामूहिक विवाह 2026 आसान निकाह, खुशहाल जिंदगी के सिलसिले में रजा यूनिटी फाउंडेशन की बैठक डॉ. जाकिर हुसैन हॉल, बरेज तालाब में आयोजित हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, समाजसेवियों तथा सामाजिक एवं सामुदायिक कमेटियों के पदाधिकारियों ने शिरकत की। उपस्थित लोगों ने सामूहिक विवाह की सामाजिक पहल की सराहना करते हुए इसे सफल बनाने के लिए सुझाव दिए। बैठक में सामूहिक विवाह के उद्देश्य, आयोजन की तैयारियों, जरूरतमंद परिवारों का चयन तथा कार्यक्रम को व्यवस्थित रूप से सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वरिष्ठजनों एवं कमेटियों के पदाधिकारियों ने फाउंडेशन की पहल की सराहना कर हरसंभव मदद देने का भरोसा दिलाया इस बात पर जोर दिया गया कि समाज में विवाह और निकाह को आसान बनाया जाए, फिजूलखर्ची एवं अनावश्यक रस्मों को कम किया जाए तथा जरूरतमंद और पात्र परिवारों को सम्मान के साथ विवाह का अवसर उपलब्ध कराया जाए। सामूहिक विवाह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में सादगी, भाईचारे, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत करने की सकारात्मक पहल है। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवारों पर विवाह का बोझ कम करना और समाज में सरल एवं सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देना है।इस पहल को सफल बनाने के लिए समाज के अहले-खैर, वरिष्ठजन, युवा, सामाजिक संगठन, कमेटियां एवं जिम्मेदार नागरिक आगे आएं और अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करें, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद परिवार इस अभियान का लाभ उठा सकें। फाउंडेशन ने समाज के सभी लोगों से सामूहिक विवाह की इस मुहिम को अपना सहयोग देने और इसे सफल सामाजिक आंदोलन बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने का आह्वान किया है।

राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम 18 को

अम्बिकापुर। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 18 अगस्त को जिलेभर में राष्ट्रीय नशा विरोधी शपथ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर अजीत वसंत ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां एवं कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिले में आयोजित कार्यक्रमों का निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट तैयार कर जिला कार्यालय समाज कल्याण में उपलब्ध कराना होगा। इस हेतु समाज कल्याण विभाग के उप संचालक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

एक ही दिन में दो घटनाओं को दिया अंजाम

सीतापुर क्षेत्र में चोरी, उठाईगीरी के बाद सक्रिय हुआ चेन स्नेचिंग गिरोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

नगर समेत क्षेत्र में बढ़ती सिलसिलेवार चोरी, उठाईगिरी की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी थी वहीं अब चोरी की घटना के बाद चैन स्नेचिंग की घटना ने शहर में हड़कंप मचा दिया है। गत दिन चैन स्नेचिंग गिरोह के सदस्यों ने एक ही दिन में दो चैन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देते हुए नगरवासियों को चिंता में डाल दिया है। चैन स्नेचिंग गिरोह के सदस्यों ने साप्ताहिक बाजार एवं नया बस स्टैंड से दो महिलाओं के गले से लगभग 5 लाख कीमत के सोने का चैन एवं मंगलसूत्र छिन कर फरार हो गए। पीड़ित महिलाओं ने चैन स्नेचिंग किए जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।

खास बात
- दो महिलाओं के गले से सोने का चैन व मंगलसूत्र लूटकर हुए फरार

विदित हो कि नगर समेत क्षेत्र में होने वाली सिलसिलेवार चोरी की घटना ने लोगों का जीना हराम कर दिया है।अब बचा खुचा कसर चैन स्नेचिंग गिरोह ने शुरू कर दिया है। एक दिन में चैन स्नेचिंग की दो



घटना को अंजाम देकर हड़कंप मचा दिया है। पहली घटना बुधवार को साप्ताहिक बाजार की है जहां सेवानिवृत्त शिक्षक सूर्यकांत गुप्ता की पत्नी दोपहर में सब्जी लेने गई हुई थी। तभी बाजार में घूम रहे चैन स्नेचिंग गिरोह के सदस्यों ने न सिर्फ महिला को शिकार बनाया बल्कि उनके गले से सोने का चैन लूटकर फरार हो गए। पीड़ताि ने बताया कि चैन स्नेचिंग गिरोह ने गले से सोने का जो चैन पार किया उसकी कीमत लगभग साढ़े तीन से चार लाख रुपये के आसपास है। चैन स्नेचिंग की इस घटना के बाद पीड़ति पक्ष ने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी है। दूसरी घटना नए बस स्टैंड की हैं जहां चार बजे करीब दशकर्म में शामिल होने ग्राम गेरसा जा रही महिला चेन स्नेचिंग गिरोह की दूसरी शिकार बनी। जानकारी अनुसार ग्राम आमाटोली निवासी सोनिया पैकरा पति बस्तरिया पैकरा शाम चार बजे दशकर्म में शामिल होने ग्राम सरगा जा रही थी। इस दौरान वह जैसे ही बस में सवार होने जाने लगी तभी तभी वहां बाइक सवार दो युवक पहुंचे और उनके गले से मंगलसूत्र छीनकर फरार हो गए।जब तक महिला या आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही दोनों बाइक सवार नजरो से ओझल हो चुके थे। पीड़ति पक्ष के बताये अनुसार चैन स्नेचिंग गिरोह द्वारा लूटी गई मंगलसूत्र की कीमत एक से डेढ़ लाख के करीब बताई जा रही है। इस घटना की रिपोर्ट भी पीड़ति पक्ष ने थाने में दर्ज करा दी है। नगर में दिनदहाड़े एक साथ हुई चैन स्नेचिंग की दो घटना से नगर में असुरक्षा एवं भय का माहौल निर्मित हो गया है।

चोरी व उठाईगिरी का नहीं लगा सुराग

शहर में पखवाड़े भर के भीतर ही कई चोरी एवं उठाईगिरी की घटना हो चुकी है। हैरानी की बात तो यह है कि लाखों की हुई चोरी के मामले में अब भी पुलिस के हाथ सफलता नहीं लगी है। जिस तरह से शहर में चोरी की घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुई है वैसे में अब पुलिस के कार्य प्रणाली और गश्त पर भी सवाल उठने लगी है। शहर में आए दिन हो रही चोरी की घटना से शहर के लोग काफी चिंतित है।

आरोपियों की तलाश जारी

साप्ताहिक बाजार एवं बस स्टैंड में हुई दो चेन स्नेचिंग की घटना की शिकायत थाने में गई है। शिकायत पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

-तुलसिंह पट्टावी, एसडीएओपी



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने निकली अमर तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा चलाए जा रहे अमर तिरंगा अभियान के तहत आज अभाविप जिला बलरामपुर इकाई द्वारा भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत इस तिरंगा यात्रा में 1 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से सरगुजा विभाग संगठन मंत्री शिवा कोसरे उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रभक्ति के नारों के साथ पूरे वातावरण को देश प्रेम से गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर अभाविप जिला संयोजक विकास महतो ने कहा कि अमर तिरंगा अभियान का उद्देश्य देश के समस्त छात्र-छात्राओं में राष्ट्रभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक मजबूत करना तथा उन्हें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराना है। इसी उद्देश्य को लेकर यह कार्यक्रम गरिमापूर्ण एवं अनुशासित रूप से आयोजित किया गया। तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, गौरव और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति है। विद्यार्थियों में देश के प्रति जिम्मेदारी और राष्ट्र प्रथम की भावना विकसित करना समय की आवश्यकता है। इस दौरान सुख सागर गुप्ता, प्रीतम गुप्ता, नमन गुप्ता, नागेश्वर गुप्ता, सत्रजित पटेल, विपिन सोनवानी, प्राची गुप्ता, अमन, सुमित सिंह, रोहन सहित अभाविप के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मैनपाट में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



मैनपाट। जनपद पंचायत मैनपाट में तिरंगा यात्रा निकाली गई। ,तिरंगा यात्रा जनपद पंचायत से शुरू होकर बस स्टैण्ड चौक, पंचायत भवन चौक, गांधी चौक सहित मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। इस बीच तिरंगा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती संतोषी पैकरा, जनपद उपाध्यक्ष अनिल सिंह, उपसरपंच सोनू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गोपाल यादव, भाजयुमो अध्यक्ष धनंजय सिंह, जनपद पंचायत सीईओ, विभिन्न स्कूलों से आए हुए छात्र-छात्राएं, स्थानीय लोग के अलावा जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, एनआरएम समूह की दीदियां उपस्थित रहे।

भारी बारिश के बीच निकली भव्य तिरंगा यात्रा, 500 मीटर के विशाल तिरंगे के साथ उमड़ा जनसैलाब



सूरजपुर। देशप्रेम की भावना और राष्ट्र को समर्पित हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय में भारी बारिश के बीच भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े तिरंगा यात्रा में शामिल हुईं। 500 मीटर लंबे तिरंगे के साथ निकली यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग, एनसीसी कैडेट, स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थी तथा नगरवासी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

500 मीटर के लंबे तिरंगे के साथ निकली तिरंगा यात्रा ने पूरे सूरजपुर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से शहर की सड़कें गूंजायमान हो उठीं। तेज बारिश के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ। हाथों में तिरंगा थामे लोगों की भारी उपस्थिति ने राष्ट्रप्रेम, एकता, अखंडता और जनभागीदारी का जीवंत संदेश दिया। तिरंगा यात्रा संयुक्त जिला कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रंगमंच मैदान में पहुंची। रंगमंच में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने देश की स्वतंत्रता और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हम सभी के लिए गौरव का प्रतीक है। यह देश की आन, बान और शान के साथ ही एकता, संप्रभुता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से कहा कि देश की प्रगति में अपनी ऊर्जा, क्षमता और प्रतिभा का सकारात्मक उपयोग करें तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और सुरक्षा के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। कार्यक्रम को विधायक भूलन सिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा एवं कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजलाल राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति सिंह, बाबूलाल अग्रवाल, मुकेश गर्ग, प्रमोद तयाल, शशिकांत गर्ग, अजय अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल तथा जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले सहित जनप्रतिनिधि, नागरिक व अधिकारी उपस्थित रहे।



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटोरी में निकाली गई तिरंगा यात्रा

मदनपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटोरी,में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े शामिल हुई। यह तिरंगा यात्रा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटोरी से प्रारंभ होकर अटल चौक से बस स्टैंड लटोरी होते हुए वापस विद्यालय में समाप्त हुआ। बच्चों के साथ जन प्रतिनिधि, ग्रामवासी, महिला मोर्चा व मंत्री द्वारा तिरंगा यात्रा में देशभक्ति से ओत प्रोत नारे लगाए जिससे पूरा लटोरी क्षेत्र राष्ट्रभक्ति से अभिभूत हो गया। इस अवसर पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने राष्ट्र के प्रति समर्पित होने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा देश सीमा रक्षकों के लिए 300 राखी भी मंत्री के माध्यम से भेजा गया वहीं मंत्री राजवाड़े ने संस्था के विकास मंच शेड निर्माण के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। संस्था प्रमुख सत्यम बालाजी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान श्रीमती नूतन विश्वास, गिरवर राजवाड़े, ठाकुर पैकरा, महेश्वर पैकरा, श्रीमती किरण केराम, हरिलाल, प्राचार्य सत्यम बालाजी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र सिंह, शिक्षक राजेश सोनी, निलेश मिश्रा, श्रीमती अनिता मिंज, कुमारी माया सिंह, श्रीमती गंगा पैकरा, श्रीमती रेणुका एक्का, श्रीमती रीना तिग्गा, श्रीमती दीपिका देवनाथ, जितेन्द्र तिवारी, श्रीमती मनोरमा शर्मा, श्रीमती शिवकुमारी शर्मा, मनोहर लाल दर्पण, श्रीमती नीतू सिंह, कुमारी दिव्या साक्षी, कुमारी सरोज, श्रीमती नेहा दूबे सहित अन्य मौजूद रहे।



गोपालपुर में जनसुनवाई एवं संतृप्तिकरण शिविर

राजपुर। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर स्थित आदि सेवा केंद्र में जनसुनवाई एवं संतृप्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं और शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। शिविर में राशन कार्ड से संबंधित 6 आवेदन तथा पेंशन का 1 आवेदन प्राप्त हुआ, जिसका निराकरण मौके पर कराया गया। वहीं ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ अन्य स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गईं। कुल 7 आयुष्मान कार्ड तथा 2 वयोवंदन कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य शिविर में 30 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया गया। इस दौरान जनपद सीईओ संजय दुबे, सिमोन खेस, प्रदीप मानकर एवं सरपंच, सचिव व ग्रामीण मौजूद रहे।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)
रा.प्र.क. /अ-6/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विश्वनाथ मुण्डा आ. स्व. हीरालाल मुण्डा व अन्य निवासी ग्राम गंगापुरखुर्द तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम गंगापुरखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 22/2, 41/1, 187/16, 295/59 रकबा 0.025, 0.126, 0.070, 0.138 है. भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृतक खातेदार मुन्नी देवी का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 07.09.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः-13/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

न्यायालय तहसीलदार लुण्ड्रा (धौरपुर) जिला सरगुजा छ.ग.
रा.प्र.क. 202607022700033 /अ-21/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम पटोरा को सूचित किया जाता है कि पक्षकार दिलबोधन, सुधराम आ. स्व. रुन्धुट, असवार आ. स्व. खीरू, जाति कोरवा, निवासी ग्राम पटोरा, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) जिला सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की भूमि ग्राम पटोरा, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) स्थित ख.नं. 154 रकबा 0.470 है. तथा ख.नं. 1390 रकबा 0.433 है. में से रकबा 58 डिसमिल भूमि को अपने पुत्र, पुत्रीयों के विवाह हेतु रकम की आवश्यकता होने पर अनावेदक अविता लकड़ा आ. गिरधारी लकड़ा, जाति उरांव, निवासी ग्राम पटोरा, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) के पक्ष में बिक्री करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर, जिला सरगुजा छ.ग. में प्रस्तुत किया गया है जो जांच हेतु मूल प्रकरण इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति पेश करना हो तो वह दिनांक 18/08/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
लुण्ड्रा (धौरपुर)
जिला सरगुजा (छ.ग.)

TOP IN SURGUJA





















स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



परियोजना अधिकारी
जनपद पंचायत - भैयाथान
जिला - सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



विनय पावले
उपाध्यक्ष - युवा कांग्रेस
एवं अध्यक्ष युवा प्रभाग भैयाथान
सर्व आदिवासी समाज जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

प्रकाश इण्डस्ट्रीज
भास्करपारा कोल माईंस
आवासीय परिसर कैवरा भैयाथान
जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



राजीव प्रताप सिंह
जनपद उपाध्यक्ष,
ज.पं.- भैयाथान, जिला सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



फूलसाय मरावी
जिला सदस्य, जिला सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



राकेश सिंह
बी.एम.ओ.
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भैयाथान

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



विनय गुप्ता CEO
जनपद अधिकारी भैयाथान
जिला - सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
एक शुभचिंतक
केरता, जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



अखिलेश प्रताप सिंह
जिला पंचायत सदस्य



श्रीमती विधात्रि सिंहदेव
अध्यक्ष
ब्लाक कांग्रेस कमेटी, भैयाथान

एवं समस्त ग्रामीण भैयाथान क्षेत्र, जिला- सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...





सुनील साहू
भाजपा मण्डल अध्यक्ष
भैयाथान, सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

सोहर साय पैकरा
सरपंच
मोनू गुप्ता
सचिव
एवं समस्त वार्ड पंच ग्राम पंचायत मटिगढ़ा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

पंचमणी
सरपंच
मोनू गुप्ता
सचिव
एवं समस्त वार्ड पंच ग्राम पंचायत दुरती

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



रामदुलार सिंह
सरपंच
कमला ठाकुर
सचिव
ग्राम पंचायत शंकरपुर उपसरपंच एवं समस्त वार्ड पंच

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



अनन्त कुमार सरकार
परिक्षेत्र सहायक
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, सोनगरा
वि:खं. प्रतापपुर, जिला - सूरजपुर, (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

अध्यक्ष समिति प्रबंधक
आदिम जाति सेवा सहकारी समिति
मर्यादित सोनगरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

सोनामनी
सरपंच
कवलभान सिंह
सचिव
मोहरलाल
उपसरपंच
एवं समस्त वार्ड पंच ग्राम पंचायत, झिंगादोहर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...



राजेश पोर्ते
जनपद सदस्य क्षेत्र क्र.15
सोनगरा, प्रतापपुर
जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



अभिषेक सिंह
ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी
सोनगरा, जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



अनुराग द्विवेदी
जिला कार्यकारिणी सदस्य, भाजयुमो
जिला - सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...



हरेन्द्र सिंह
मेसर्स उमाश्री इंजीनियरिंग इलेक्ट्रिकल
एण्ड सिविल कान्ट्रेक्टर
पता- मेन रोड जरही भटगांव (बरोधी), सूरजपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



बालमती सिंह
सरपंच
कमला ठाकुर
सचिव
ग्राम पंचायत बोझा उपसरपंच एवं समस्त वार्ड पंच

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...



सोमार साय सिंह
सरपंच
कवलभान सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत मायापुर - 2, उपसरपंच एवं समस्त वार्ड पंच

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...



सुमती सिंह
सरपंच
गोविंद यादव
सचिव
शिव सिंह
बूथ अध्यक्ष
एवं समस्त वार्ड पंच, ग्राम पंचायत सकलपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...



कृष्णा सिंह
सरपंच
गोविंद यादव
सचिव
बालेश्वर सिंह
मंडल अध्यक्ष- सोनगरा
एवं समस्त वार्ड पंच ग्राम पंचायत सोनगरा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



ज्योतीकला पैंकरा
सरपंच, मण्डल उपाध्यक्ष
बशीर खान - सचिव एवं उपसरपंच
समस्त वार्ड पंच ग्राम पंचायत सिंघरी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं...



शरद चंद्र द्विवेदी
हरिभूमि प्रतिनिधि
जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ , जिला सूरजपुर (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...

राईसमिल एसोसिएशन
अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...



बी.एड., नर्सिंग एवं स्कूल डिपार्टमेंट
पार्वती ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट
कैम्पस मदनपुर, सिलफिली
जिला - सूरजपुर, मो.नं.- 9669956040, 9691964461

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



विनोद कुमार दुबे
अधिवक्ता
अतिरिक्त लोक अभियोजक
जिला एवं सत्र न्यायालय, अम्बिकापुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस

mahindra

STAR AUTOMOBILES
AUTHORISED DEALER MAHINDRA & MAHINDRA LIMITED
MG ROA, AJABNAGAR, AMBIKAPUR (C.G.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



नीलेश सिंह
भाजपा नेता

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...



लक्ष्मी गुप्ता
राष्ट्रीय समन्वयक
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग)
अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



बबिता सिंह मरावी
सरपंच




रूकमणि पटेल
सचिव



पूरन राई
उपसरपंच

समस्त पंचगण व ग्रामवासी, ग्राम पंचायत अजिरमा, जिला - सरगुजा

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...



डॉ.आई.ए. खान सूरी
संस्थापक/प्राचार्य
ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल, हिल्स पार्क अम्बिकापुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...



शिक्षा इंफोटेक
COURSE AVAILABLE
DCA BCA BLIB
PGDCA TALLY MLIB
पता : पी.जी. कॉलेज के सामने,
ऐक्सिस बैंक के पीछे
मो- 8770335054, 8358990074

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...



अतुल सिंह
संभागीय अध्यक्ष
ठेकेदार एसोसिएशन सरगुजा



J.M.D. CONSULTANT
MO.-8878130218
प्रवीण सैनी - इंजीनियर

A Group of
Engineering & Consultant
Mission Chowk
Kedarpur, Ambikapur
राहुल अग्रवाल -इंजीनियर

8109044636

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...




SHRIYAM PRINT & MEDIA JUMBO PHOTO STATE & JMD CONSULTANT TEAM
All Size Colour & Black/White Print Out, Scaning, Photocopy
Lamination, Spiral Binding
E-mail- Shriyam Printandmedia@gmail.com
Tiwari Building Road, Near Mission Chowk, Ambikapur Surguja (C.G.) 497001


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...
दिनेश शुक्ला
वरिष्ठ भाजपा नेता, अम्बिकापुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...
केदार यादव
पूर्व पार्षद - कांग्रेस


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...
अमित जायसवाल


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं...
मेसर्स सुनील जायसवाल


स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
राजेश अग्रवाल
कैबिनेट मंत्री
छ.ग. शासन


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
30 वर्षों से लगातार आपकी सेवा में तत्पर
ॐ जय माँ कंकाली ॐ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे
(पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी.(गोल्ड मेडलिस्ट)
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्व लेंवे


स्वतंत्रता दिवस को
हार्दिक शुभकामनाएं...
रामकिशुन सिंह
अध्यक्ष
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. अम्बिकापुर
जगदीश साहू
उपाध्यक्ष
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. अम्बिकापुर
हमारी ऋण योजनाएं
5.00 लाख तक व्यक्तिगत ऋण (शासकीय/बैंक कर्मचारी)
वाहन ऋण योजना (चार पहिया)
भवन निर्माण हेतु आवास ऋण
अल्पकालीन कृषि ऋण
व्यापार हेतु - कोलेटरल कैश क्रेडिट योजना
चालू खाते पर ओवर ड्राफ्ट सुविधा
मध्यकालीन /दीर्धकालीन कृषि ऋण
डीजल पम्प / विद्युत पम्प हेतु ऋण
ट्रैक्टर / ट्राली हेतु ऋण एवं उन्नत कृषि हेतु
गौ-पालन /मतस्यपालन/पशुपालन/उद्यानिकी आदि हेतु के.सी.सी. ऋण
लाकर्स सुविधा, आर.जी.जी.,एस. एन.ई.एफ.टी. ए.टी.एम. की सुविधा, समितियों में माईक्रो ए.टी.एम. मोबाईल बैंकिंग, समितियों सी.एस.सी. सेंटर का संचालन, धान उपार्जन, खाद्यान्न विवरण पी.डी.एस. खाद-बीज का विवरण, फसल बीमा
जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या.अम्बिकापुर
जिला - सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, एमसीबी


स्वतंत्र
संगठित
अडिग
आज़ाद भारत का जज़्बा हर दिल को गर्व से भर दे और आपका हर कदम नए सपनों व उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़े।
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रियेश अग्रवाल
जिला सह संयोजक
व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा, सरगुजा


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सफदर अली
ग्लोबल फर्निशिंग
मेन ब्रांच स्टेट बैंक गली, रसूलपुर अम्बिकापुर
मो. 8770487040, 9425254476


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
राजेश अग्रवाल
कैबिनेट मंत्री
राहुल अग्रवाल
भाजपा युवा नेता


नगर पंचायत नपं शिवनंदनपुर
सभी क्षेत्रवासियों को
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस
की बधाई एवं शुभकामनाएं
15TH AUGUST
रितेश जायसवाल
अध्यक्ष
नगर पंचायत शिवनंदनपुर
पार्षदगण
उपाध्यक्ष
नगर पंचायत, शिवनन्दनपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
डी के गुप्ता -बीईओ
द्विपेश पाण्डेय -बीआरसी
आलोक कुमार सिंह- एडीओ
विकासखंड शिक्षा अधिकारी
लखनपुर सरगुजा छ.ग.


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
चंद्र प्रताप सिंह
समिति प्रबंधक
बुधनराम
प्राधिकृत अधिकारी
जिला सहकारी समिति लखनपुर सरगुजा छ.ग.


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
गुरूकृपा ऑन लाइन स्टोर
गुरूकृपा मेडिकल स्टोर
एचडीएफसी बैंक के सामने मेंड्रा कला लखनपुर
सरगुजा छ.ग.
प्रो- हीरालाल प्रजापति
अनिता प्रजापति


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुकचंद राजवाड़े
अध्यक्ष
नाशिर खान
समिति प्रबंधक
आरिफ खां
आपरेटर
जिला सहकारी समिति जमगला लखनपुर छ.ग.


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
कामता प्रताप सिंह
सरपंच
यादव प्रसाद
उप सरपंच
नंदलाल यादव
सचिव
समस्त पंच एवं ग्रामवासी ग्रा.पं.- डेडरी
जिला सूरजपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
हितेंद्र सिंह
सरपंच
श्रीमती हरिता पैकरा
उप सरपंच
आगर साय
सचिव
समस्त पंच व ग्रामवासी
ग्राम पंचायत जोबगा जिला - सूरजपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
जेडी सिंह
खान प्रबंधक
गायत्री खदान SECL बिश्रामपुर क्षेत्र
जिला - सूरजपुर (छ.ग.)


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
26TH JANUARY
आशुतोष पाण्डेय, अरूण सिंह
ठेकेदार
रेहर, गायत्री, केतकी कोल माइन्स SECL
बिश्रामपुर क्षेत्र


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
प्रशांत शर्मा
सहायक क्षेत्र प्रबंधक
सह क्षेत्र - रेहर, गायत्री, केतकी
SECL बिश्रामपुर क्षेत्र, जिला - सूरजपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
धीरेन्द्र कुमार सिंह
सरपंच
श्रीमती अनुपमा सांडिल्य
उपसरपंच
रोशनल लाल गुप्ता
सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी
ग्रा.पं.- भरतपुर, जिला सूरजपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
SMS LTD
SMCL KETKI
MDO PROJECT LTD.
SKMPL
परिवार की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
परमानंद
ठेकेदार
धनराज कान्ट्रेक्टर मैनेजर
एम.एस.एल केतकी, एम.डी.ओ. प्रोजेक्ट
SECL बिश्रामपुर क्षेत्र
जिला - सूरजपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती माया तिवारी
सेक्टर सुपरवाईजर
महिला बाल विकास विभाग सूरजपुर
जिला - सूरजपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
क्षेत्र का अग्रणी शिक्षण संस्थान
हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में संचालित
इंडियन पब्लिक स्कूल
पता - मानिचौक, जिला - सूरजपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
घुरन प्रताप सिंह
ज.पं. सदस्य सूरजपुर क्षेत्र क्र. 23,
जिला - सूरजपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती प्रेम कुमारी
सरपंच
बोधन सिंह पोर्ते
उपसरपंच
वीरेन्द्र कुशवाहा
सचिव
ग्राम पंचायत - मानी


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती सुमेनवती
सरपंच
श्रीमती उषा यादव
उपसरपंच
दुलार साय
सचिव
समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत - सपकरा
जिला- सूरजपुर


स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
संकलनकर्ता
उमाशंकर देवांगन
हरिभूमि प्रतिनिधि
मानीचौक
मो.7987015611

खबर संक्षेप



पर्यटन मंत्री ने किया आत्मानंद कॉलेज कन्या छात्रावास का उद्घाटन

अम्बिकापुर। शुक्रवार को प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने केशवपुर स्थित स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय कन्या छात्रावास का शुभारंभ किया। छात्रावास के प्रारंभ होने से महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को बेहतर एवं सुरक्षित आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। विशेष रूप से दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा और उन्हें सुविधाजनक वातावरण में रहकर अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रखने का अवसर प्राप्त होगा। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने छात्रावास में छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास परिसर में प्लांटेशन कराने तथा परिसर को हराभरा एवं आकर्षक बनाने पर भी जोर दिया। मंत्री श्री अग्रवाल ने मुख्य मार्ग से कन्या छात्रावास तक सीसी रोड निर्माण कराने के निर्देश भी दिए ताकि छात्राओं एवं आगंतुकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बताया गया कि स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय कन्या छात्रावास 100 सीटर है। इसमें महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। छात्रावास की सुविधा मिलने से बाहर से आने वाली छात्राओं को आवागमन की परेशानी से राहत मिलेगी। कन्या छात्रावास में रिनोवेशन एवं आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए डीएमएफ मद से 17.53 लाख रूपए तथा आदिवासी विकास विभाग से 8.50 लाख रूपए की राशि व्यय की गई है। इस दौरान लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, पार्षद आलोक दुबे, कलेक्टर अजीत वसंत, जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

संघ ने खिलाफ कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन व नारेबाजी



अंबिकापुर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ संघ परिवार से जुड़े संगठन के द्वारा अश्पृश्यता के व्यवहार से नाराज जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में राजीव भवन से गांधी चौक तक रैली निकाल प्रदर्शन किया है। कांग्रेस का आरोप है कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में 8 अगस्त को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली थी। इस रैली के बाद संघ परिवार से जुड़े एक संगठन ने रैली स्थल का शुद्धिकरण करने के बाद श्री खड़गे को हिन्दू विरोधी भी करार दे दिया। इस घटना के राज्यसभा में बोलते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि उनके दलित समुदाय का व्यक्ति होने के कारण संघ और भाजपा के संगठनों ने ऐसा किया है। राज्यसभा में उनके इस वक्तव्य के बाद सरकार ने इस घटना की जांच की बात की थी, लेकिन अबतक कोई परिणाम सामने नहीं आया। इस घटना के विरोध में एआईसीसी के निर्देश पर जिला कांग्रेस ने रैली निकाल महात्मा गांधी की के प्रतिमा स्थल पर जमकर प्रदर्शन और नारेबाजी किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गांधीजी के लोकप्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का भी समूहिक पाठ कर संघ परिवार के सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि संघ परिवार की मानसिकता दलित विरोध की है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस घटना को अंजाम देने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए अन्यथा यह माना जाएगा कि इस घटना में उनकी सहमति है। पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि संघ परिवार की सोच में अश्पृश्यता भरी हुई है। हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष का संघ परिवार के द्वारा किया गया यह अपमान पूरे दलित समाज का अपमान है। इस दौरान पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, सत्येंद्र तिवारी, संजय विश्वकर्मा, मो इस्लाम, इंद्रजीत सिंह धंजल, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, संजय सिंह, अशफाक अली, जमील खान, जीवन यादव, दीपक मिश्रा, मो. हसन, निमन राशि एक्का, चंद्रप्रकाश सिंह, रजनीश सिंह, प्रमोद चौधरी, शुभम जायसवाल, आशीष जायसवाल, विकास शर्मा आदि उपस्थित थे।

आईजी एवं एसएसपी ने किया पोस्टर का विमोचन

साइबर क्राइम के विरूद्ध चलाया जाएगा जन जागृति अभियान



पोस्टर का विमोचन करते आईजी एवं एसएसपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

साइबर क्राइम के विरुद्ध, जागृत एवं सुरक्षित करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक साइबर जागृति अभियान का आयोजन किया जाएगा। 15 अगस्त 1947 को करोड़ों देशवासियों के प्रयासों से देश को मिली आजादी के भाव से प्रेरित यह अभियान, साइबर क्राइम के विरुद्ध एकजुटता से जागरूकता लाने और छत्तीसगढ़ को साइबर क्राइम मुक्त बनाने का अभिनव प्रयास है। इस अभियान की सरगुजा संभाग में शुरुआत से पहले प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए आईजी सरगुजा दीपक कुमार झा एवं एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल ने साइबर जागृति अभियान की लिंक एवं क्यूआर कोड जारी कर अभियान का शुभारंभ किया। इसके साथ ही क्यूआर कोड को स्वयं अपने मोबाइल में स्कैन कर, अपनी सेल्फी ली व सोशल मीडिया में अपनी सेल्फी फ्रेम को पोस्ट किया।

खास बात

- आईजी-एसएसपी ने लिंक व क्यूआर कोड जारी कर की शुरुआत, ली सेल्फी

इस दौरान आईजी दीपक कुमार झा एवं एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह देश की आजादी के लिए करोड़ों देशवासी एक जुट होकर लड़े थे, उसी तरह हम सभी को साइबर क्राइम के विरुद्ध, साथ मिलकर, जिला वासियों को जागृत करना होगा और उन्हें साइबर सुरक्षित बनाना होगा। उन्होंने आमजनों से अभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि साइबर जागृति अभियान के लिए, जागरूकता की एक सेल्फी लें, उस सेल्फी को सोशल मीडिया में शेयर करें और साइबर अपराध को रोकने में सरगुजा पुलिस का सहयोग करें। एसएसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि साइबर जागृति अभियान अभियान को जन-जन तक पहुंचाने सरगुजा पुलिस ने जिले में अभियान को एक व्यापक स्वरूप दिया है। 15 अगस्त से 02 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत पहले सप्ताह में डिजिटल सतर्कता और बुनियादी सुरक्षा के लिए स्कूल/कॉलेजों में अभियान, दूसरे सप्ताह में वित्तीय धोखाधड़ी और यूपीआई सुरक्षा पर बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थानों में अभियान, तीसरे सप्ताह में डिजिटल अरेस्ट और फर्जी कॉल के विषय पर वरिष्ठ नागरिकों के संग टाउन हॉल का आयोजन, चौथे सप्ताह में स्मार्ट फोन प्राइवेसीऔर सेफ ब्राउजिंग पर महिला कॉलेजों, सामुदायिक समूहों के बीच अभियान, पांचवे सप्ताह में जॉब फ्रॉड और फिशिंग को लेकर युवाओं को जागरूक करने रोजगार कार्यालयों, आईटीआई और कौशल विकास केंद्रों में कार्यक्रम का आयोजन, छठवें सप्ताह में डेटा प्राइवेसी और सोशलमीडिया की सीमाओं के विषय पर अभियान, सातवें सप्ताह में ग्राम पंचायतों, निकायों में गांधीजयंती के उपलक्ष्य में साइबर मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प अभियान चलेगा। अभियान का सामापन 2 अक्तूबर को गांधी जयंती के दिन किया जाएगा।

एसपी ने किया साइबर जागृति अभियान का शुभारंभ

बलरामपुर। साइबर क्राइम के विरूद्ध प्रदेश भर में शुरू किए गए साइबर जागृति अभियान के तहत जिले में इस अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान एसपी वैभव बैंकर और एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने साइबर जागृति अभियान की लिंक एवं क्यूआर कोड जारी कर अभियान का शुभारंभ किया। एसपी श्री बैंकर ने कोड स्वयं अपने मोबाइल में स्कैन कर, अपनी सेल्फी ली, इसके पश्चात उन्होंने स्वयं सोशल मीडिया में अपनी सेल्फी फ्रेम को पोस्ट किया। इस अवसर पर उन्होंने, जिलावासियों को अभियान के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह देश की आज़ादी के लिए करोड़ों देशवासी एकजुट होकर लड़े थे, उसी तरह हम सभी को साइबर क्राइम के विरुद्ध, साथ मिलकर, जिलावासियों को जागृत करना होगा और उन्हें साइबर सुरक्षित बनाना होगा। उन्होंने आमजनों से अभियान को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि साइबर जागृति अभियान के लिए, जागरुकता की एक सेल्फी लें, उस सेल्फी को सोशल मीडिया में शेयर करें और साइबर अपराध को रोकने, बलरामपुर जिला पुलिस का सहयोग करें।



पर्यटन मंत्री ने केदमा में विद्युत उपकेन्द्र का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ केदमा

विकासखंड उदयपुर अंतर्गत दुर्गम ग्राम में पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने गुरुवार को नवनिर्मित 33/11 केवी विद्युत सब-स्टेशन का लोकार्पण किया। लगभग 2 करोड़ 42 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस सब-स्टेशन से केदमा सहित आसपास के 14 गांवों के लगभग 2000 विद्युत उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

- 14 गांवों के 2000 उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

